दिन–मंगलवार | दिनांक– 23 / 12 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– अपराह्न 02:00 बजे से। | अवधिः– 05 मिनट

---

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन आज पटना में रोड शो कर रहे हैं। श्री नवीन का रोड शो पटना हवाई अड्डे से शुरू हुआ और वीरचंद पटेल पथ स्थित मिलर हाई स्कूल पर समाप्त होगा। इसके बाद स्कूल मैदान में आयोजित समारोह में श्री नवीन का नागरिक अभिनंदन किया जायेगा। इससे पहले, हवाई अड्डा पहुंचने पर उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा तथा पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने कार्यकारी अध्यक्ष का स्वागत किया। कार्यक्रम में कई केन्द्रीय मंत्री, पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारी, सांसद और विधायक समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हो रहे हैं। पटना जिला प्रशासन ने रोड शो के मद्देनजर यातायात व्यवस्था में परिवर्तन किया है। वीरचंद पटेल सहित बेलीरोड पर वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित किया गया है। वैकल्पिक मार्गों से यातायात परिचालन किया जा रहा है।

———————————————————————

प्रदेश के अधिकतर भागों में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। वहीं, घने कोहरे के कारण भी जनजीवन बुरी तरह से प्रभावित हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अधिकतम और न्यूनतम तापमान के बीच अंतर काफी कम हो जाने से कनकनी का एहसास बढ़ गया है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान गया राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान सात दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आज सुबह पटना समेत इकतीस जिलों में अत्यंत घना कोहरा छाया रहा। इधर, पटना, अरवल, औरंगाबाद, बेगूसराय, भोजपुर, बक्सर, गया, जहानाबाद, कैमूर, लखीसराय, नालंदा, नवादा, रोहतास और शेखपुरा जिले में शीत दिवस की स्थिति बनी हुई है। मौसम विभाग ने कहा है कि अगले तीन से चार दिनों के दौरान राज्य के अधिकांश हिस्सों में कोल्ड डे की स्थिति बनी रहेगी।

———————————————————————

अत्यधिक ठंड और शीतलहर से बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ रहे प्रतिकूल प्रभाव को देखते हुये पटना जिला प्रशासन ने आठवीं कक्षा तक सभी स्कूलों को छब्बीस दिसम्बर तक बंद रखने के आदेश दिये हैं। वहीं, लखीसराय में चार जनवरी दो हजार छब्बीस तक कक्षा आठवीं तक शैक्षणिक गतिविधियों को प्रतिबंधित कर दिया है। इस दौरान कक्षा नौ और ऊपर की कक्षाओं में शैक्षणिक गतिविधियां प्रर्याप्त सावधानी के साथ जारी रखी जा सकती है।

———————————————————————————

घने कोहरे के कारण दृश्यता का स्तर कम होने से रेल, सड़क और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। पटना, दरभंगा और पूर्णिया हवाई अड्डे से कई नियमित उड़ाने रद्द कर दी गयी हैं। वहीं, कई विमानों का परिचालन परिवर्तित समय से हो रहा है। इधर, कोहरे के कारण लंबी दूरी की कई रेलगाड़ियां काफी विलंब से चल रही हैं।

———————————————————————————

राष्ट्रीय किसान दिवस आज देश–प्रदेश में समारोहपूर्वक मनाया जा रहा है। यह दिन ग्रामीण मुद्दों की गहरी समझ और किसानों के कल्याण के लिए अपना जीवन समर्पित करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। इस अवसर पर पटना स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के पूर्वी अनुसंधान परिसर में आज से दो दिवसीय किसान मेला सह राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। कृषि मंत्री रामकृपाल यादव इसका उद्घाटन करेंगे। मेले में एक हजार से अधिक किसानों के शामिल होने की संभावना है। इधर, वैशाली जिले के हरिहरपुर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र में भी किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

———————————————————————————

सिख पंथ के दसवें और अंतिम गुरू गुरू गोविंद सिंह जी महाराज के तीन सौ उनसठवें प्रकाश पर्व की तैयारियां जोरों पर हैं। प्रकाश पर्व का मुख्य समारोह छब्बीस दिसम्बर को श्रीहरि मंदिर पटना साहिब में आयोजित किया जाएगा। इस दौरान सिख संगतों ने आज पटना साहिब गुरूद्वारा से प्रभात फेरी निकाली। इधर, प्रशासन ने प्रकाश पर्व के दौरान सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी है। पटना के आईजी जितेन्द्र राणा ने आज गुरूद्वारा प्रबंधक कमिटी के अधिकारियों के साथ सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने बताया कि प्रकाश पर्व के दौरान श्रद्धालुओं को किसी तरह की दिक्कत न हो इसे लेकर यातायात व्यवस्था को भी सूचारू किया जा रहा है।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ। अब आप सुनेंगे उर्दू बुलेटिन।